2019/00209

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — **बनाम** — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री दिलीप सिनसिनवार
जाति –
निवासी प्रताप नगर , जयपुर
तहसील जयपुर जिला जयपुर

लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर
सिरोही

किस्म मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005

मुकदमा नं. 34 वर्ष 2019

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
23.09.2019	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 12.7.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि जिले की भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है सरकारी भूमि कितनी है गैर सरकारी भूमि कितनी है कुल सरकारी भूमि मे से 8.7.2019 तक कितनी भूमि सरकार के कब्जे में नही है की प्रमाणित प्रतिलिपि लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है। । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 12.7.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि जिले की भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है सरकारी भूमि कितनी है गैर सरकारी भूमि कितनी है। कुल सरकारी भूमि मे से 8.7.2019 तक कितनी भूमि सरकार के कब्जे में नही है की प्रमाणित प्रतिलिपि उन्हे निर्धारित समयावधि में उपलब्ध नही कराई गई है। अतिरिक्त कलक्टर सिरोही द्वारा सूचना समस्त तहसील कार्यालय से संबंधित होने से प्रार्थना पत्र समस्त तहसीलदार को पत्रांक 611 दिनांक 24.7.19 द्वारा हस्तांतरीत किया गया है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही, शिवगंज, रेवदर, पिण्डवाडा एवं आबूरोड को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट को चाही गई समस्त सूचना तत्काल उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली दर्ज रजिस्टर होकर फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (सुरेन्द्र कुमार सोलंकी) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned by CamScanner